Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006
Participants : Aditya Nath Shri ,Majhi Shri Shankhlal

an>

Title : Alleged derecognition of P.G. Degrees of all the medical colleges in U.P. by Medical Council of India.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान मैडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न सरकारी मैडिकल कॉलेजों की मान्यता समाप्त करने से उत्पन्न गम्भीर स्थिति की ओर आकर्िात करना चाहता हूं। मैडीकल कौंसिल ऑफ इंडिया के इस मनमानेपन के कारण उत्तर प्रदेश की जनता को स्‍वास्थ्य सेवाओं की भीाण समस्या का सामना करना पड़ेगा।

महोदय, उत्तर प्रदेश में देश की लगभग 17 करोड़ से अधिक आबादी निवास करती है। इतनी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया ने मनमाने तरीके से उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की मान्यता समाप्त कर दी है या उनके पोस्ट ग्रेज्युएट कक्षाओं में प्रवेश को बाधित कर दिया है। मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से आता हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज की ओर आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं जिसमें पी.जी. क्लासेस में स्टूडेंट्स के प्रवेश को प्‍रतिबन्धित किया है।

महोदय, बी.आर.डी. कॉलेज पूर्वी उत्तर प्रदेश का एकमात्र मेडिकल कॉलेज है जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश की लगभग 4 करोड़ जनता एवं पड़ोसी राज्य बिहार तथा नेपाल की लगभग 2 करोड़ जनता लाभान्वित होती है। उस क्षेत्र में हजारों लोग जापानी इनसिफेलाइटिस एवं वायरल इनसिफेलाइटिस नामक जीवाणु जनित बीमारियों के इलाज के अभाव के कारण असमय कालकवलित हो रहे हैं।

महोदय, अगर पी.जी. कोर्सों के प्रवेश को बन्द कर दिया जाएगा, तो बी.आर.डी. कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह लड़खड़ा जाएंगी। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया की इस मनमानी पर रोक लगाई जाए।

मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया ने जो कारण बताए हैं, उनमें से अधिकतर राज्य सरकारों से संबंधित हैं। कुछ में राज्य सरकार ने टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की है और कुछ पर नहीं कर पा रही है। लेकिन राज्य सरकार की गलती का खामियाजा वहां की जनता को नहीं भुगतने दिया जा सकता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक ओर मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Only one matter may be raised.

… (*Interruptions*)

योगी आदित्यनाथ : बहुत से ऐसे कोर्सिज़ हैं, जो एमसीआई के सभी मानकों को पूरा करते हैं...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, nothing should be recorded.

*(Interruptions)**

योगी आदित्यनाथ : मेडिकल कालेजों में पीजी की मान्यता समाप्त करके प्रवेश को प्रतिबन्धित किया गया है, उसको अविलम्ब हटाया जाए और जो स्वास्थ्य सेवाएं इसके कारण लड़खड़ाने लगी हैं, उसके लिए अपनी ओर से व्यवस्था करके वायरल

इन्फलाइटिस और जापानी इन्फलाइटिस से पीड़ित मरीजों को पूर्व की भांति सेवाएं बहाल करने की व्यवस्था भी की जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Shankhlal Majhi is allowed to associate with this matter.